विजयी विश्व तिरंगा प्यारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

सदा शक्ति बरसाने वाला
प्रेम सुधा बरसाने वाला
वीरों को हरषाने वाला
मातृ भूमि का तन मन सारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

स्वतंत्रता के भीषण रण में
रख कर जोश बढ़े कण कण में
कांपे शत्रु देखके मन में
मिट जावे भय संकट सारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

इस झंडे के नीचे निर्भय
ले स्वराज यह अभिचल निश्चय
बोलो भारत माता की जय
स्वतंत्रता है ध्येय हमारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

आओ प्यारे वीरों आओ
देश धरम पर बलि-बलि जाओ
एक साथ सब मिल कर गाओ
प्यारा भारत देश हमारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

bpscpreparation.online